प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.11.2024/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

## मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में शीत कालीन सत्र के अलावा मुख्य संसदीय सचिव को हटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। कैबिनेट में विभिन्न विभागों में भर्तियों को भी मंजूरी मिल सकती है। प्रदेश सरकार 11 दिसंबर को अपने कार्यकाल के 2 साल पूरा करने जा रही है। इसे लेकर भी बैठक में चर्चा की जा सकती है। बैठक में राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही होम स्टे पॉलिसी को भी मंजूरी मिल सकती है। वहीं राज्य सरकार बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा होम स्टे चलाने पर रोक लगा सकती है, क्योंकि बीते सालों के दौरान जिन लोगों को धारा 118 के तहत रिहायशी मकान के लिए जमीन दी गई थी उन्होंने उन मकानों में होम स्टे शुरू कर दिए हैं जिसकी कानून अनुमति नहीं देता।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दत्तनगर में 50 हज़ार लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट का पहला बिन्दु ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना है ताकि किसान बेहतर जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में दूध की खरीद के लिए आगामी 31 मार्च तक डिजिटल सिस्टम शुरू किया जाएगा। इससे दूध की खरीद में न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि किसानों को एस.एम.एस. के माध्यम से उनके दूध की गुणवत्ता व मूल्य की जानकारी भी उपलब्ध हो सकेगी।

## विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित हुए 67वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के बाद लगातार अपने अध्ययन प्रवास पर हैं। विधानसभा अध्यक्ष 17 नवंबर तक अध्ययन प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे पर्यटन दृष्टि से विकसित स्थलों का दौरा कर उसका प्रदेश के परिपेक्ष्य में अध्ययन करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने अपने प्रवास के दौरान क्विंजटाऊन न्यूजीलैंड के कई रमणीय स्थलों का दौरा किया और वहां पर कार्यरत भारतीय समुदायों के लोगों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के आपस में बेहतरीन राजनीतिक, वाणिज्यिक तथा औद्योगिक संबंध रहे हैं और दोनों देश एक दूसरे के साथ सदियों से कई वस्तुओं का व्यापार भी करते आए हैं।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निमार्ण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे। इस वर्ष की थीम है *प्रेस का बदलता स्वरूप।*

इधर प्रदेश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होटल होलीडे होम शिमला में आयोजित होगा । इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े समसामयिक विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में बदलते मौसम के बीच ऊपरी इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में होने के कारण नदी, नाले और झीलें जमने लगी हैं। ताबो, कुकुमसेरी के बाद केलांग का न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में तापमान में गिरावट के चलते ग्रांफू से आगे डोहरनी और छोटा दड़ा के आसपास सड़क पर कोहरा जमने के कारण सीमा सड़क संगठन ने सड़क दुर्घटना होने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि आज से कोकसर और लोसर चौकी से ग्रांफू–काजा मार्ग पर वाहनों को चार घंटे के लिए सुबह 11 से शाम 3 बजे तक ही भेजा जाएगा। हालांकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है 900 पशु फार्मासिस्ट होंगे भर्ती, किसानों से ले रहे दूध के दाम बढ़ाएंगे। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है पशुपालकों को राहत, दूध के और ज्यादा दाम देगी सरकार। दैनिक जागरण के शब्द हैं 900 वेटरनरी फार्मासिस्ट की भर्ती होगी।

दैनिक भास्कर प्रदेश हाईकार्ट के हवाले से लिखता है डीजीपी स्पष्ट करें, पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे क्या उचित जगह लगाए गए हैं। आपका फैसला के अनुसार पुलिस थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों पर हाईकोर्ट ने डीजीप से तलब की रिपोर्ट।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है प्रदेश में अब भाजपा के निशाने पर सीपीएस के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट।

हिमाचल सीपीएस मामले पर अब सुप्रीम कोर्ट पर टिकी निगाहें शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है शीर्ष अदालत में मामले की सुनवाई की तिथि आज हो सकती है निर्धारित।

मौसम पर अमर उजाला लिखता है उपरी इलाकों में माइनस में पारा, जमने लगे नदी–नाले और झीलें।